बोल्डर वैली स्कूल डिस्ट्रिक्ट RE -2 रिज़ॉल्यूशन नंबर 24 -36
विद्यार्थियों और परिवारों की सहायता करना

जबकि, बोल्डर वैली स्कूल डिस्ट्रिक्ट का उद्देश्य सीखने के चुनौतीपूर्ण, सार्थक और दिलचस्प अवसर पैदा करना है ताकि सभी बच्चे फलें-फूलें और एक सफल, नागरिक रूप से संलग्न जीवन के लिए तैयार हों;

जबकि, सीखने और फलने-फूलने के लिए, बच्चों को यह पता होना चाहिए कि स्कूल डिस्ट्रिक्ट विकलांगता, नस्ल, पंथ, रंग, लिंग, यौन रुझान, लिंग पहचान या अभिव्यक्ति, राष्ट्रीय मूल, अप्रवासन/नागरिकता की स्थिति, धर्म, वंश, पारिवारिक संयोजनों या शारीरिक विशेषताओं पर ध्यान दिए बिना उनकी सुरक्षा और भावनात्मक कल्याण का समर्थन करेगा।

जबकि, विद्याथियों की जो भी पहचान है, वे उसके लिए सुरक्षित और सम्मानित महसूस करने के हकदार हैं;

जबकि, बोल्डर वैली स्कूल डिस्ट्रिक्ट शिक्षा बोर्ड स्कूल डिस्ट्रिक्ट के लिए एक राष्ट्रीय आदर्श बन गया है, जो स्कूल डिस्ट्रिक्ट की रणनीतिक योजना खोजने के लिएं न्यायोचित नीतियाँ अपनाकर और पारदर्शी रूप से जानकारी की समीक्षा कर सभी विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित स्कूल बनाने का प्रयास करता है;

जबकि, कोलोराडो भी एक राष्ट्रीय अग्रणी है, और यह HB19 -1192 पास करने में भी अग्रणी रहा है ताकि सार्वजनिक स्कूल के पाठ्यक्रमों और शैक्षिक मानकों में नस्ली और जातीय समूहों और LGBTQ व्यक्तियों के इतिहास, संस्कृति और सामाजिक योगदानों को शामिल करना सुनिश्चित हो सके;

जबकि, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के 1982 के फ़ैसले, प्लायलर बनाम डो के बाद से, संघीय कानून ने पब्लिक स्कूल में भर्ती होने के लिए सभी बच्चों के अधिकार को मान्यता दी है, फिर उनकी अप्रवासन स्थिति चाहे कोई भी हो;

जबकि, संघीय मार्गदर्शन यह मानता है कि "स्कूल ऐसी सुरक्षित जगहें हैं जहाँ संघीय अप्रवासन अधिकारियों को अप्रवासन गतिविधियाँ नहीं करनी चाहिए।" इसके अलावा, मार्गदर्शन स्पष्ट रूप से संघीय एजेंसी के इस विश्वास को प्रकट करता है कि,

> हम अपना प्रवर्तन उद्देश्य व्यक्तियों की जरूरी चिकित्सा देखभाल की पहुँच, बच्चों की अपने स्कूल की पहुँच, विस्थापितों की भोजन और आश्रय की पहुँच, आस्था के लोगों की उनके पूजा स्थलों की पहुँच, वगैरह को अस्वीकार किए या सीमित किए बिना पूरा कर सकते हैं। इस सिद्धांत का अनुपालन लोक सेवक के रूप में हमारे कद का एक आधार है।[1];

[1] यूएस डिपार्टमेंट ऑफ़ होमलैंड सिक्योरिटी (2021). संरक्षित क्षेत्रों में और उनके आसपास प्रवर्तन कार्यवाहियों पर दिशानिर्देश।

जबकि, स्कूल डिस्ट्रिक्ट पारिवारिक और सामुदायिक साझेदारियों को महत्व और प्राथमिकता देता है, और इसलिए इन्हें अपनी रणनीतिक योजना में शामिल किया है, और जानता है कि हमारे विद्यार्थियों को अपनी शैक्षिक सफलता समेत अपने कल्याण के लिए अपने जीवन में अपने माता-पिताओं, अभिभावकों और दूसरे वयस्कों की ज़रूरत है; और,

जबकि, संघीय स्तर पर की जाने वाली संभावित कार्यवाहियों के संबंध में दिए जा रहे बयानों के कारण स्कूल डिस्ट्रिक्ट के कुछ परिवार, विद्यार्थी और कर्मचारी अस्थिर और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं;

जबकि, बोर्ड उन नीतियों और अभ्यासों के लिए प्रतिबद्ध है जो हमारे समुदायों में विविध लोगों और परिवारों का समर्थन और प्रतिनिधित्व करते हैं और आश्वस्त करते हैं कि विद्यार्थी अपनी शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं, जैसा कोलोराडो संविधान, और कोलोराडो और संघीय कानून दोनों द्वारा गारंटीकृत है।

इसलिए**,** अब**,** यह संकल्प लिया जाए, कि स्कूल डिस्ट्रिक्ट, अप्रवासन स्थिति पर ध्यान दिए बिना, हमारे विद्यार्थियों और परिवारों की रक्षा करने के लिए अपनी कानूनी ताकत में जो भी है वह सबकुछ करेगा, जिसमें निम्नलिखित कार्यवाहियाँ शामिल हैं लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- स्कूल डिस्ट्रिक्ट हमारे विद्यार्थियों या उनके परिवारों या अभिभावकों की अप्रवासन स्थिति के बारे में कोई जानकारी इकट्ठा नहीं करने या बनाए नहीं रखने का अपना अभ्यास जारी रखेगा।
- स्कूल डिस्ट्रिक्ट आपातकालीन संपर्कों को नवीनतम बनाए रखने में परिवारों के साथ सहयोग करेगा और अगर परिवार आपातकालीन योजनाएँ बनाने की ज़रूरत महसूस करते हैं, तो इसमें उनकी सहायता करेगा और उन छात्रों की सहयता करेगा जो महसूस कर सकते हैं कि वे और उनके परिवार जोखिम में हैं।
- स्कूल संघीय अप्रवासन अधिकारियों द्वारा निम्नलिखित के संबंध में किए गए अनुरोध स्कूल डिस्ट्रिक्ट के कानूनी सलाहकार के कार्यालय को भेजेंगे :
    - किसी भी स्कूल डिस्ट्रिक्ट स्कूल या दूसरी स्कूल डिस्ट्रिक्ट संपत्ति में प्रवेश के लिए
    - किसी भी स्कूल गतिविधि के दौरान या स्कूल डिस्ट्रिक्ट परिवहन का इस्तेमाल करते समय किसी भी विद्यार्थी से बातचीत करने के लिए जबकि वह विद्यार्थी स्कूल डिस्ट्रिक्ट की निगरानी में है
    - हमारे विद्यार्थियों या परिवारों के बारे में किसी भी जानकारी के लिए

आगे यह संकल्प लिया जाए कि स्कूल डिस्ट्रिक्ट हमारे LGBTQ विद्यार्थियों और समुदाय के सदस्यों की रक्षा करने के लिए अपनी कानूनी ताकतों में जो भी है वह सबकुछ करेगा, जिसमें TITLE IX और दूसरे संबंधित संघीय और राज्य कानूनों और बोर्ड नीतियों को लागू करना और भेदभाव, उत्पीड़न और डराने-धमकाने से मुक्त स्कूलों के निर्माण की सतत प्रतिबद्धता शामिल है।

आगे यह संकल्प लिया जाए, कि स्कूल डिस्ट्रिक्ट नफरत भरी बातचीत सहन नहीं करेगा, जिसमें यहूदी विरोधी बातें और धार्मिक उत्पीड़न के दूसरे रूप शामिल हैं।

आगे यह संकल्प लिया जाए, कि शिक्षा बोर्ड डराने-धमकाने, भेदभाव और उत्पीड़न को वर्जित करने वाली अपनी नीतियों के ज़रिए न्यायसंगत स्कूली परिस्थितियाँ बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की फिर से घोषणा करता है। हमारे सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को स्कूल डिस्ट्रिक्ट की वेबसाइट के ज़रिए ऐसे बर्तावों की तुरंत रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और

यह उम्मीद की जाती है कि ऐसी सभी रिपोर्ट की उचित रूप से और समय पर छानबीन की जाएगी।
www.bvsd.org/parents-students/be-ready/make-a-report

आगे यह संकल्प लिया जाए, कि बोर्ड के लिए अधीक्षक और कर्मचारी इस रिज़ॉल्यूशन को लागू करने के लिए जरूरी नीतियों और प्रक्रियाओं में अद्यतनों की पहचान करेंगे।

आगे यह संकल्प लिया जाए, कि स्कूल डिस्ट्रिक्ट इस संकल्प को हर स्कूल स्थल पर लगाएगा और स्कूल डिस्ट्रिक्ट की सभी मुख्य रूप से इस्तेमाल की जाने वाली भाषाओं में इसे स्कूल डिस्ट्रिक्ट के कर्मचारियों और माता-पिताओं को वितरित करेगा और इस रिज़ॉल्यूशन की प्रतिबद्धताओं के बारे में व्यापक रूप से बताएगा।

**यहाँ पर, BVSD शिक्षा बोर्ड इस प्रस्ताव को 10 दिसंबर, 2024 को स्वीकार करने का निर्णय करता है।**